सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-552
11/12/2018

मुख्यमंत्री ने समाजवादी नेता स्व0 राम अवधेश चौधरी के श्राद्धकर्म में भाग लिया

पटना, 11 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बक्सर जिले के ग्राम जलालपुर एकौना जाकर जदयू राज्य परिषद के पूर्व सदस्य, लोहियावादी एवं समाजवादी नेता स्व0 राम अवधेश चौधरी के श्राद्धकर्म में भाग लिया और उन्होंने स्व0 राम अवधेश चौधरी के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्व0 राम अवधेश चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, पूर्व विधायक श्रीमती दिलमणी देवी, जदयू जिलाध्यक्ष श्री विंध्याचल सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिलान्तर्गत ग्राम कुशहर खास जाकर राज्यसभा के पूर्व सांसद स्व0 सीताराम सिंह की श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस अवसर पर विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******